**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>डा. ऐ.पी.जे अब्दुल कलाम अवार्ड से सम्मानित डा. अमित केसरवानी</u>

पंतनगर। 04 जनवरी 2021। विश्विद्यालय के सस्य विज्ञान के सहायक प्राध्यापक डा. अमित केसरवानी को 'द सोसाइटी ऑफ ट्रॉपिकल एग्रीकल्चर' संस्था ने अपने ११वें वार्षिक सम्मलेन में वर्ष २०२१ का डा. ऐ.पी. जे. अब्दुल कलाम साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित किया। यह अवार्ड डा. केसरवानी को कृषि विज्ञान में उनके उल्लेखनीय योगदान, पब्लिकेशन्स, और नव उत्तीर्ण कृषि छात्रों के करियर सम्बन्धी मार्गदर्शन हेतु सोशल मीडिया में चलाये 'एग्रीएमेटर्स' के तहत दिया गया।

यह वार्षिक सम्मलेन दिसंबर 19–20, वर्ष 2020 दिल्ली में आयोजित होना था परन्तु राज्य सरकार द्वारा कोरोना गाइडलाइन्स की वजह से स्थगित हो गया। सोसाइटी द्वारा सभी सम्मानित वैज्ञानिकों को डाक द्वारा पुरस्कार भेजा जा रहा है। डा. केसरवानी को इससे पूर्व भी कई सम्मान से सम्मानित किया जा चुका हैं, जिसमें राज्य सरकार द्वारा शिक्षक दिवस पर 'टीचर ऑफ दि ईयर' अवार्ड भी शामिल है। डा. केसरवानी ने यह सम्मान अपने परिवार और उन सभी गुरुओं खासकर अपने वरिष्ठ डा. अजय कुमार के मार्गदर्शन को समर्पित किया। पंतनगर से समस्त शिक्षकगण और शुभचिंतकों ने डॉ केसरवानी को इस उपलक्ष्य पर बधाई सन्देश भेजे।

***डा. अमित केसरवानी***




***अवार्ड***